10.12.2018

(9)

कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी राज0 स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय,भरतपुर

दिनांक – 10.12.2018

प्रेस–नोट

मानवाधिकार दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

आज दिनांक 10 दिसम्बर को रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में मानवधिकार क्लब के तत्वावधान में प्राचार्य श्रीमती लता शर्मा एवं अकादमिक प्रभारी श्रीमती सविता भार्गव के निर्देशन में एक सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एम.एस.जे. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आभा महावर ने कहा ऐसी प्रतियोगिताऐं छात्राओं के अज्ञान के पर्दे को हटाकर उन्हें आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मंच प्रदान करती हैं। प्राचार्य श्रीमती लता शर्मा ने कहा कि मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है लेकिन इन्हें कर्तव्यों के साथ स्वीकार करना चाहिए एवं उन्होंने प्रतियोगिता हेतु बनाई टीमों के नाम "स्वतन्त्रता", "समानता" "न्याय " एवं "कर्तव्य " के अनुरूप एंव मानव जीवन में वास्तविक महत्व से अवगत कराया।

मानवाधिकार क्लब की प्रभारी डॉ.अलका गोयल ने मानवाधिकारों की जानकारी देते हुए पाँच राउण्ड में प्रतियोगिता का संचालन किया जिसमें प्रथम राउण्ड वर्तमान में चर्चित विषयों पर द्वितीय सामान्य ज्ञान , तृतीय राजस्थान पर आधारित विशेष चतुर्थ भरतपुर विशेष एवं पंचम रेपिड फायर त्वरित राउण्ड रखे गए। इसमें "न्याय " टीम की बबली, कल्पना भारद्वाज, सपना कुमारी, हेती सिंह, सोनिया खण्डेलवाल प्रथम एवं "कर्तव्य " टीम की शिवानी शर्मा, पूनम कुमारी शिवानी कुमारी, भावना कुमारी मीना एवं प्रियासिंह द्वितीय रहीं। उपस्थित छात्राओं ने भी बढ चढकर प्रश्नों के उत्तर दिये। अन्त में विजयी टीमों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती दीप्ति अग्रवाल ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया एवं श्रीमती मधु शर्मा, डॉ.के.के. गुप्ता, डॉ.कविता आचार्य, डॉ.रजनी वशिष्ठ, श्रीमती सुमन गोयल एवं बड़ी संख्या में छात्राऐं उपस्थित थीं।

प्राचार्य

डा० अलका गोयल

मानवाधिकार क्लब

10.12.2018

(8)

प्रभारी
डॉ. अलकागोयल
मानवाधिकार क्लब

मानवाधिकार दिवस 10.12.2018
दैनिक भास्कर

11.12.2018 दैनिक भास्कर

मानवाधिकार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 5 छात्राओं ने मारी बाजी, पुरस्कृत किया

भरतपुर | रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य लता शर्मा एवं अकादमिक प्रभारी सविता भार्गव के निर्देशन में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एमएसजे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ओपी महावर थे। मानवाधिकार क्लब की प्रभारी डॉ. अलका गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता के पांच राउंड किए गए, जिनमें छात्रा बबली, कल्पना भारद्वाज, संगीता कुमारी, हेती सिंह, सोनिया खंडेलवाल प्रथम स्थान पर रहीं। वहीं शिवानी शर्मा, पूनम कुमारी, शिवानी कुमारी, भावना कुमारी मीना एवं प्रियासिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीप्ति अग्रवाल, मधु शर्मा, डॉ. केके गुप्ता, डॉ. कविता आचार्य, डॉ. रजनी वशिष्ठ, सुमन गोयल सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद थी।

भरतपुर. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता छात्राएं।

आम आदमी के अधिकारों की सुरक्षा पर दिया बल

भरतपुर. विश्व मानवाधिकार के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित कार्यशाला में आम आदमी के मूलभूत अधिकारों की सुरक्षा पर बल दिया गया। मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश शुभा मेहता थी। इसमें पुलिस की कार्यप्रणाली के साथ अवैध हिरासत व आम लोगों से किए दुर्व्यवहार को रोकने पर बल दिया गया। साथ ही सेवर जेल में बंदियों को मानव अधिकारों की जानकारी दी गई। न्यायिक अधिकारी जमीर हुसैन, संजय त्रिपाठी, मीना अवस्थी, एडवोकेट मनहर सिंह, नरेश सिंघल आदि ने विचार रखे। संचालन सचिव राजेन्द्र चौधरी ने किया। इसी प्रकार जिला विधिक सहायता शिविर में लोक अदालत, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम और बच्चों को मानवाधिकार व पोक्सो एक्ट आदि की जानकारी दी गई। एडवोकेट रचना सिनसिनवार आदि मौजूद थे।